आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.06.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–प्रदेश विश्वविद्यालय में केन्द्रीय छात्र संघ चुनाव करवाने की संभावनाएं तलाशेगी सरकार।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर स्वास्थ्य संस्थानों की अनदेखी का लगाया आरोप।
- शिमला का अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव शुरू–ऐतिहासिक रिज मैदान पर किया गया पारम्परिक ठोडा नृत्य का आयोजन।
- राज्य में अगले दो दिन लू चलने का यलो अलर्ट जारी– 18 जून से मॉनसून पूर्व वर्षा की संभावना।

.............

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव करवाने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। उन्होंने आज विश्वविद्यालय में 1990 के दशक के पूर्व विद्यार्थियों के लिए आयोजित मैत्री कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं और एस.सी.ए चुनाव करवाने को लेकर अधिकारियों से चर्चा की जा रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने विद्यार्थियों को लोभ और मोह से बचने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयासरत है और शिक्षा में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई शुरू की गई है और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उच्च शिक्षा में बदलाव लाने जा रही है ताकि नई तकनीक पर आधारित नए पाठ्यक्रम शुरू किए जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने लगभग 4 हज़ार अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया है और 27 वर्ष तक उनकी शिक्षा व देखरेख का दायित्व राज्य सरकार का है। मुख्यमंत्री ने पूर्व छात्र संघ के भवन निर्माण के लिए 2 करोड़

रूपये देने का ऐलान भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने तीन पुस्तकों का विमोचन किया, इनमें वरिष्ठ पत्रकार संजीव शर्मा की पुस्तक जूनी भी शामिल है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर स्वास्थ्य संस्थानों की अनदेखी का आरोप लगाया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में लोगों को मिल रही सुविधाओं पर तालाबाजी कर रही है और आईजीएमसी शिमला में इंडोर टैस्ट बंद होने संबंधी खबरें इसका ज्वलंत उदाहरण है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये सुविधा बंद होने से मरीजों को जांच करवाने के लिए निजी लैब में जाना पड़ेगा और उनके लिए ये किसी आफत से कम नहीं है। विपक्ष के नेता ने कहा कि राज्य सरकार को लोगों के दुख–सुख से कोई मतलब नहीं है और ये सरकार पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा राज्य सरकार के जनविरोधी व मनमानी वाले फैसलों का डटकर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने हिमकेयर योजना का पैसा रोक दिया जिससे लोगों को ईलाज करवाने में परेशानी हो रही है।

जे.पी नड्डा

रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के साथ आज नई दिल्ली में औषध विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रधानमंत्री के 2047 के विकसित भारत के दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया और पांच सालके एजेंडे तथा सौ दिनों की कार्य योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि पंचवर्षीय योजना दवा सुरक्षा बढ़ाने, चिकित्सा उपकरणों में आत्मनिर्भरता बढाने, जन औषधि योजना का विस्तार और नागरिकों के लिए दवाओं तथा उपचार को किफायती बनाने पर केंद्रित होगी। जे.पी नड्डा ने गुणवत्ता पर नए सिरे से ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने अगले तीन वर्षों में सभी दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के निर्माण संयंत्रों को विश्व स्तरीय मानकों पर उन्नत करने पर भी बल दिया।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आज नागरिक अस्पताल सुन्नी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में खाली पड़े डॉक्टरों के पद जल्द भरे जाएंगे। शांडिल ने अस्पताल में आदर्श स्वास्थ्य संस्थान की सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने बसंतपुर वृद्धाश्रम और मशोबरा में नारी सेवा सदन का दौरा भी किया और व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।

नामांकन

हमीरपुर, देहरा और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में 10 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए 21 जून तक नामांकन भरे जा रहे हैं। नामांकन पत्र भरने के दूसरे दिन आज भी तीनों विधानसभा क्षेत्रों में किसी भी प्रत्याशी ने पर्चा नहीं भरा है। भाजपा ने जहां अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है वहीं कांग्रेस पार्टी भी प्रत्याशियों के चयन के लिए मंथन कर रही है। हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा 18 जून, नालागढ़ से पार्टी प्रत्याशी के.एल. ठाकुर 20 जून जबकि देहरा से प्रत्याशी होशियार सिंह 21 जून को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इन नामांकन पत्रों की जांच 24 जून को की जाएगी जबकि इच्छुक प्रत्याशी 26 जून तक अपने नामांकन वापिस ले सकेंगे। मतदान 10 जुलाई को होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी।

राजीव भारद्वाज

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद राजीव भारद्वाज ने कहा है कि चंबा ज़िले को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। चंबा में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि सड़कों की हालत सुधारने के अलावा रेल विस्तार के प्रयास भी किए जाएंगे। राजीव भारद्वाज ने कहा कि सिकरीधार सीमेंट कारखाने के निर्माण को लेकर भी ज़रूरी कदम उठाए जाएंगे और समाज के हर वर्ग को केन्द्र सरकार की योजनओं से लाभान्वित किया जाएगा।

ग्रीष्मोत्सव

शिमला में आज से अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मोत्सव की शुरूआत हो गई है। हालांकि कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत अब से कुछ देर बाद 8 बजे राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। आज दोपहर ऐतिहासिक रिज मैदान पर पारम्परिक ठोडा नृत्य किया गया जिसमें स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों ने भी भाग लिया। ग्रीष्मोत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में आज प्रदेश के प्रसिद्ध लोक गायक कुलदीप शर्मा अपनी प्रस्तुति देंगे। ग्रीष्मोत्सव के दूसरे दिन कल 16 जून को प्रसिद्ध पार्श्व गायक साज भट्ट लोगों का मनोरंजन करेंगे। तीसरी संध्या में पार्श्व गायिका महालक्ष्मी अययर जबकि आखिरी सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्व पंजाबी गायक दिलेर मेहंदी लोगों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा हिमाचली सहित अन्य राज्यों के कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। ग्रीष्मोत्सव के दौरान खेल गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ–साथ खेलों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है। शिमला ज़िले में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र की शील पंचायत में बुशैहर क्रिकेट कप प्रतियोगिता के समापन अवसर पर उन्होंने कहा कि

सर्वांगीण विकास के लिए खेल अति आवश्यक है। रोहित ठाकुर ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को खेलों के अवसर प्रदान करने पर विशेष ध्यान दे रही है और उन्हें खेलों की ओर आकर्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार चरणबद्ध ढंग से सभी गारंटियों को पूरा कर रही है और इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत महिलाओं को 23 करोड़ रूपये की राशि जारी कर दी गई है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में 64 टीमों ने भाग लिया और जे.एम.डी स्पार्टन गंगानगर टीम विजेता बनी।

निधन

अमर उजाला समाचार पत्र के वरिष्ठ पत्रकार विपिन काला का आज शिमला के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 57 वर्ष के थे। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि विपिन काला के निधन से पत्रकारिता जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है।

परीक्षा

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 16 जून को सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। आयोग ने सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटे पहले अपने संबंधित परीक्षा केन्द्रों में पहुंचने को कहा गया है। राज्य लोक सेवा आयोग की अतिरिक्त सचिव सुषमा वत्स ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग के दिशानिर्देशों के मुताबिक सभी अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र आयोग की वैबसाइट से डाउनलोड करने होंगे और उनको अपनी वही फोटो साथ लानी होगी जो उन्होंने ऑनलाइन आवेदन के साथ लगाई है।

मौसम

राज्य के अधिकांश भागों में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी का दौर जारी है और दिन के समय लोगों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। प्रदेश के मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है और भीषण लू जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिन भी प्रदेश के कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 18 जून से राज्य के अनेक भागों में प्री–मॉनसून वर्षा की संभावना है जिससे लोगों को तपती गर्मी से राहत मिल सकती है।

मेधा प्रोत्साहन

प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग ने वर्ष 2024–25 के लिए शैक्षणिक सत्र 2023–24 के आधार पर मेधा प्रोत्साहन योजना के तहत 23 जून तक मेधावी विद्यार्थियों से आवेदन मांगे हैं। विभाग के निदेशक डॉक्टर अमरजीत शर्मा ने शिमला में कहा कि प्रदेश व प्रदेश से

बाहर के पात्र संस्थानों से सी.एल.ए.टी., नीट, आई.आई.टी.–जे.ई.–ए.एफ.एम.सी–एन.डी.ए. व यू.पी.एम.सी.–एस.एस.सी., बैंकिंग, इंश्योरेंस और रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के लिए इस योजना के तहत प्रदेश सरकार अधिकतम एक लाख रूपए की वित्तीय सहायता देगी। उन्होंने कहा कि 12वीं के 2 सौ 80 और स्नातक स्तर के एक सौ 20 अभ्यार्थियों का इस योजना के तहत चयन किया जाएगा।

नमस्कार